Regarding problem of water logging in North East Delhi-laid

श्री मनोज तिवारी (उत्तर-पूर्व दिल्ली) : पीने के पानी की किल्लत के बाद उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र की जनता पानी-निकासी की समस्या से परेशान है । बारिश की शुरुआत भर से सड़के जलमग्न है, तो कॉलोनी की गलियां गंदे नाले में तब्दील हो जा रही हैं आवा-गमन बाधित हो रहा है तो घंटे के जाम से लोग अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच रहे हैं हमारे संसदीय क्षेत्र उत्तर पूर्वी दिल्ली के में वजीराबाद रोड, घोंडा गांव को मौजपुर चौक से जोड़ने वाली रोड,ब्रह्मपुरी रोड सेवा धाम रोड करावल नगर रोड के साथ-साथ बुराड़ी विधानसभा का 100 फुटा रोड जरा सी बारिश में जलमग्न हो जाते हैं और पीडब्ल्यूडी का यह रोड संबंधित नालों की सफाई न होने के कारण जल जमाव की समस्या खड़ी कर रहे हैं अभी तो बारिश शुरू ही हुई है की जल जमाव से लोग परेशान है कमोबेश ऐसी ही हालात पूरी दिल्ली की तमाम अनअधिकृत कॉलोनीयों की है । मैं माननीय शहरी विकास मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वह स्वयं हस्तक्षेप कर दिल्ली सरकार को निर्देश दें और जल जमाव की स्थिति से निपटने के लिए कुछ कारगर कदम उठाए जाएं ।